तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 नवापारा हथबंद मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का गमछा से सम्मान





12 61 करोड़ की लागत से बनेगी सड़कें










Pragati College

Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)

Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933

ADMISSIONS OPEN

STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION

Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003

Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013

Communication > B.A.(M.C.), P.G.D.J. 9294603033

Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025

Management > B.B.A. 9294603003

info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com


# योग-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर होगा योग संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल क्रो 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला बलौदाबाजार -भाटापारा में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि नामांकित किया है। अग्रवाल 21 जून क्रो बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग संगम कार्यक्रम में जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न स्थलों पर एकसमान समय सुबह 7 से सुबह 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। योग संगम कार्यक्रम के लिए शासकीय, शैक्षणिक संस्थान, निजी संस्था सहित अन्य संस्था को पोर्टल में पंजीयन करना अनिवार्य है। इसमें युवाओं, छात्र-छात्राओं, एनसीसी-एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड्स, रक्षा बलों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद बृजमोहन होंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



### युवाओं को योग के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें

योग दिवस पर योग संगम के साथ हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुम्भ, योग पार्क, योग प्रभाव, योग समावेशी के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरित योग अंतर्गत पारंपरिक योगाभ्यास के साथ-साथ पर्यावरण संवर्धन के लिए सामुदायिक गतिविधियों पौधारोपण, बीज वितरण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग अनप्लग्ड के तहत युवाओं के स्वाभाविक जीवन अंग के रूप में स्थापित करने, युवाओं को योग के प्रति सजग, जागरूक एवं प्रेरित कर उनकी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने प्रेरित किया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### मर्राकोना आदर्श ग्राम घोषित, एसपी ने किया सरपंच का सम्मान

**सिमगा।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वावधान में जिले के ग्राम पंचायत के चिन्हांकित सरपंचों को गत दिनों पुलिस कंट्रोल में आमंत्रित किया गया। जिसमें अवैध शराब आपराधिक गतिविधि में संलग्न एवं जहां पर अपराध शून्य है गांव में शांति व्यवस्था है, ऐसे गांवों को चिन्हांकित करते हुए वहां के सरपंचों को आदर्श ग्राम पंचायत घोषित करते हुए सम्मान प्रदान किया गया। इसी तारतम्य में सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मर्राकोना के सरपंच कुबेर यदु को सिमगा ब्लाक के अंतर्गत एक मात्र ग्राम पंचायत मर्राकोना को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कर कमलों से यह सम्मान प्रदान किया गया।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी खेमराज बरिहा गड़बेड़ा चांदापारा ने पिथौरा पुलिस को बताया कि वह 17 जून की रात 11 बजे पेट्रोल पंप गया था। पेट्रोल लेने के बाद वह करण ध्रुव के साथ जामपाली पेट्रोल पंप में बैठा था।



रात करीब 1.30 बजे लगभग 1.30 बजे चांदापारा पडाव ग्राम गड़बेड़ा में बैठ कर बातचीत कर रहे थे, तभी बातों-बातों में यश कुमार यादव, करण ध्रुव एवं एक अन्य उसके साथ मारपीट करने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रघुराम साहू निवासी खुसरूपाली ने बताया कि 17 जून की रात्रि 9 बजे गांव के हरिश ठाकुर पिता धीरसिंग ठाकुर ने घर के पास आकर तलवार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर मेरे परिवार के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो तुम्हें जान से मार दूंगा। इसके बाद घबराकर सुबह गांव में बैठक किया था और बैठक में गांव के प्रमुखों के द्वारा रिपोर्ट करने की सलाह दी। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन और समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# खाद-बीज की किल्लत का विरोध: कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

प्रदेश में धान की बुआई का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन किसानों को खाद और बीज की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर आज खरोरा परिक्षेत्र में कांग्रेस कमेटी ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। तिगड्डा चौक में रैली निकालकर सरकार विरोधी नारे लगाए गए और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

किसानों की मांगों को लेकर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार को किसान विरोधी करार दिया। पूर्व खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर किसानों को खाद-बीज से वंचित रखकर उनकी पैदावार को प्रभावित करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समय पर खाद और बीज न मिलने से किसान हताश हो रहे हैं और उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द किसानों की समस्याओं को नहीं सुना, तो प्रत्येक खाद वितरण सोसाइटी में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के अन्य कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें देवव्रत नायक, ब्लॉक अध्यक्ष शौरभ मिश्रा, महामंत्री अश्विनी वर्मा, पार्षद जेबैर अली, सुरेंद्र गिलहरे, संत नवरंगे आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## तिगड्डा चौक में रैली निकालकर सरकार विरोधी नारे लगाए



### आंदोलन की दी चेतावनी

पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि किसानों की अनदेखी करना भाजपा की आदत बन गई है। सरकार को चाहिए कि वह किसानों की खाद-बीज की समस्या को प्राथमिकता में लेकर तुरंत समाधान करे। कांग्रेस ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर खाद और बीज की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसानों को जल्द राहत नहीं मिली, तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

सिमगा-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर बगैर नंबर वाला ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक चालक घायल हो गया था, जिसे राहगीरों ने सिमगा के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया था, वहां आक्सीजन नहीं मिलने पर बाइक चालक की मौत हो गई। इस मामले में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के जनसंपर्क अधिकारी रायपुर डिविजन सुरेंद्र यादव ने एसपी कलेक्टर एवं पुलिस महानिदेशक से शिकायत की है कि गत 15 अक्टूबर को सिमगा-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर शुभम के मार्ट के सामने एक लाल रंग के बिना नंबर वाला ट्रैक्टर तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार ग्राम रवेली निवासी मोनू यादव 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में भर्ती कराया गया। यादव ने बताया कि हमारे पास उपलब्ध वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि पीड़ित तड़प रहा था और सांस नहीं ले पा रहा था, फिर भी आक्सीजन जैसी बुनियादी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गई। डॉक्टरों की लापारवाही पूर्वक इलाज के चलते युवक की मौत हो गई। यह दोहरे अपराध प्रतीत होता है। यादव ने मांग करते हुए कहा कि बिना नंबर के ट्रैक्टर के मालिक व चालक की तुरंत गिरफ्तारी की जाए। आईपीसी 304 ए, 338, 120 बी, 34 एवं मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं का मामला दर्ज किया जाए। साथ ही चिकित्सकीय लापरवाही बरतने वाले व ▸▸ शेष पेज 11 पर

# पुलिस ने दिखाई मानवता, घायल को पहुंचाया अस्पताल और बचायी जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला यातायात पुलिस ने रिसदा बायपास रोड पर सड़क दुर्घटना में चोटिल व्यक्ति को तत्काल अपने वाहन जिला हास्पिटल पहुंचाया, जहां तत्काल डाक्टरों ने इलाज किया, जिससे घायल की जान बच गयी। जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस के सिपाही बलौदाबाजार से रिसदा रोड बायपास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर घायल व्यक्ति रूखु यादव ग्राम ढनढनी को देखा तथा आसपास कोई नहीं दिखा। पुलिस ने तत्काल मानवता दिखाते हुए घायल को अपनी गाड़ी में उठाकर जिला चिकित्सालय लाया तथा इलाज करवाया।

विदित हो कि यातायात पुलिस को अक्सर वाहनों पर कार्यवाही व चालान करते देखा जाता है, जिससे ग्रामीण अक्सर नाराज भी रहते हैं पर उनके अंदर भी मानवता है।

इस संबंध में यातायात प्रभारी से पुछने पर कहा कि यह भी पुलिस सेवा का ही अंग ▸▸ शेष पेज 11 पर

## 98 पौवा शराब जब्त आरोपी जेल दाखिल



**बलौदाबाजार।** अवैध शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने भैंसाटसरा में घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार और उसके कब्जे से 98 पौवा शराब जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेजी है।विदित हो कि आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले में समाधान सेल प्रारंभ किया गया है। 19 जून को समाधान सेल में प्राप्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने भैंसाटसरा बलौदाबाजार ▸▸ शेष पेज 11 पर

# जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ विशेष शिविर में आदिवासी परिवारों क्रो मिल रहा योजनाओं का लाभ

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से प्रारम्भ किया गया है। शिविर में 15 विभागों के लगभग 25 सेवाओं क्रा लाभ व जानकारी दी जा रही है। विकासखंड भाटापारा के ग्राम धौराभाठा में आधार व सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 64 लोगों का सिकल सेल जांच की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा योजना के तहत पात्र हितग्राहियो क्रो लाभान्वित ▸▸ शेष पेज 11 पर



## कृषि विभाग ने खाद-बीज विक्रय केंद्रों में दी दबीश

# विक्रय केंद्र में अवैध रुप से भण्डारित उर्वरक व बीज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा अभियान के रूप में विभिन्न विकासखंडों में संचालित कृषि केंद्रों में दबिश देकर छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने बुधवार क्रो निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में अवैध रुप से भण्डारित उर्वरक व बीज को जब्त किया। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के अगुवाई में विकासखंड भाटापारा के करहीबाजार में संचालित कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकुमार पटेल कृषि केंद्र करहीबाजार में अवैध रूप से उर्वरक एवं बीज का भंडारण पाया गया। इसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए उपलब्ध उर्वरक एवं बीज स्कंद को जब्त किया है। साथ ही विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने लेख किया गया है।



### पटेल कृषि केंद्र में कालातीत बायो फर्टिलाइजर मिला

करहीबाजार के ही महामाया खाद भंडार एवं पटेल कृषि केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। पटेल कृषि केंद्र में कालातीत बायो फर्टिलाइजर पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला स्तरीय टीम द्वारा विकासखंड पलारी के कृषि सेवा केंद्र पलारी, मुन्ना भाई कृषि सेवा केंद्र सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केंद्र संडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध बीज, कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था, इस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान प्राप्त हो सके तथा किसी प्रकार के ठगी के शिकार न हो, इस हेतु विभाग द्वारा जिले में पदस्थ निरीक्षकों एवं मैदानी अमले को कड़ी निगरानी के निर्देश दिये हैं। कृषि केंद्रों के संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G

Mob. : 9425565777, 9039800929

# रायपुर नगर निगम में 31 करोड़ का भुगतान अटका, ठेकेदार नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के ठेकेदारों ने भुगतान में लेटलतीफी और फाइल गायब करने की शिकायत को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इनका कहना है कि पिछले डेढ़ साल से रायपुर नगर निगम ने ठेकेदारों के 31 करोड़ रुपये के लंबित बिल का भुगतान नहीं किया गया है।

अधो संरचना मद, सामान्य मद, संधारण मद, राज्य प्रवर्तित योजनाएं, खनिज निधि मद के कार्यो का लंबे समय से भुगतान लंबित है। ठेकेदारों ने कार्य पूरा होने के बाद देयक बनाये जाने पर होने वाली देर पर भी निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया। साथ ही नगरीय प्रशासन सचिव को अपनी समस्या से अवगत कराया है। नगर निगम रायपुर के ठेकेदार संघ के 60 सदस्यों के साथ अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ठेकेदारों ने निगम आयुक्त से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान निर्माण कार्य एजेंसियों के भुगतान में लेटलतीफी तथा फाइल गायब करने की परंपरा को लेकर रोष जताया। ठेकेदारों का कहना है, उनका देयक 20 टेबलों से होकर गुजरने से देयकों के भुगतान में देर होती है। इन 20 टेबलों में बैठने वाले कोई टेबल वाला नाखुश हो गया, तो देयक पारित होना असंभव हो जाता है। भुक्तभोगी ठेकेदारों ने निगम आयुक्त से कहा जो काम दो दिन में होना चाहिए, उस काम में 15 दिन से लेकर एक माह लग जाते हैं, इस पर रोक लगनी चाहिए।

ठेकेदारों का कहना है नगर निगम में फाइल गायब होना आम बात हो गयी है। फाइल गायब करने वाले किसी भी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ के अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी ठेकेदारों के करीबन 31 करोड़ रुपये का भुगतान निगम ने रोक रखा है। निगम के विभागीय अफसर यहां फंड नहीं आने की बात कह रहे हैं।

### इन मदों में अटका ठेकेदारों का भुगतान

- सामान्य मद में 10 करोड़ रुपये का भुगतान
- संधारण मद 10 करोड़ रुपये का देयक बिल
- अधोसंरचना विकास मद 11 करोड़ का भुगतान लंबित



### सिंगल आडिट पर निगम आयुक्त सहमत

ठेकेदार संघ से चर्चा के दौरान निगम आयुक्त ने आंतरिक अंकेक्षण में जोन व मुख्यालयों में अलग-अलग जांच होने के स्थान पर सिंगल आडिट करने पर सहमति जताई। ठेकेदारों का देयक 20 टेबल से गुजरने के बाद भी भुगतान में देरी की समस्या पर आयुक्त ने टेबल कम करने का प्रयास करने आश्वासन दिया। निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ चर्चा में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, संघ के महासचिव वरुण साहू, जोन 1 के संघ अध्यक्ष संजय अवस्थी, जोन 2 के संघ अध्यक्ष हार्दिक पिथालिया, जोन 3 के संघ अध्यक्ष अनुराग साहू, जोन 4 के संघ अध्यक्ष अजीत सेनापति, जोन 5 के संघ अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर, जोन 7 के संघ अध्यक्ष आनंद साहू, जोन 9 के संघ के अध्यक्ष श्रीराम सोनी, जोन 10 के अध्यक्ष राजकुमार यादव, संघ के प्रवक्ता द्वय अंकुश राठौर और निखिल पंडया उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से करें कार्य : अडसूल

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दो दिवसीय पदाधिकारी अधिवेशन का आयोजन किया। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के समस्त जिला प्रमुख और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल ने कहा, संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य कार्य करना शुरू करें। आम जनता का जहां भी हक मारा जा रहा है, उनके अधिकार के लिए सड़क की लड़ाई लड़ें, जिसमें संगठन की आगामी बैठक बूथ प्रमुखों की ही होगी, सभी जिला प्रमुखों लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में धनंजय सिंह परिहार, मधुकर पांडे, रेशम जांगड़े, सुनील झा, संजय नाग, एचएन सिंह पालीवार, शशांक देशमुख, संतोष शुक्ला, राधारमण पांडे, प्रकाश वर्मा, सूरज साहू, धनंजय चौहान, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, सेवक दीवान, हिमांशु शर्मा, संजय नाग आदि शामिल थे।

### सहकारी समितियों में तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग

**रायपुर।** जिले के समस्त ब्लॉक में खाद की कमी को लेकर किसानों द्वारा प्रदर्शन की जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सहकारी समितियों में तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है। साथ ही कहा कि उचित दर पर निजी खाद दुकानदार को बेचने हिदायत दें, जिससे किसान लूट का शिकार न हो, इसकी जांच भी करें। इस मौके पर श्री वर्मा ने बताया कि खाद की कालाबाजारी से किसान लूट का शिकार हो रहे हैं। 1350 का डीएपी 1800 रुपए में लेने मजबूर हैं। भाजपा सरकार की किसानों के साथ चोरी और सीनाजोरी चल रही है। एक तरफ किसानों को खाद सहकारी समितियों में उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अधिक दर पर निजी दुकानों से खरीदने मजबूर हो रहे हैं। खरीफ की खेती का कार्य जोर-शोर से चालू हो गया है। कई गांवों में धान बोनी का कार्य जोरों पर है। लगभग एक हफ्ते में बोनी का कार्य पूर्ण हो जाएगा, लेकिन समितियों में डीएपी खाद अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, जहां सहकारी समितियों में डीएपी उपबंध नहीं है, जबकि निजी खाद दुकानों में सभी खाद उपलब्ध है। मनमाफिक रेट में बेच रहे हैं, जिसका नियंत्रण सरकार नहीं कर रही है। सीधे निजी खाद दुकानदारों, बिचौलियों के हाथों किसानों को लूटने के लिए फ्री छोड़ दिए हैं। सरकारी संरक्षण में निजी खाद दुकानदारों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है।



### मीडिया के लिए चिकित्सा विभाग का आदेश, तुगलकी फरमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 13 जून को मीडिया कवरेज पर जारी दिशा-निर्देश को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा है कि यह तुगलगी फरमान है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस आदेश की समीक्षा करने और जनहित में इसे वापस लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, इस आदेश के अनुसार बिना रोगी, अभिभावक की लिखित सहमति और जनसंपर्क अधिकारी की अनुमति के मीडिया को अस्पतालों में प्रवेश या कवरेज करने की इजाजत नहीं होगी। ऐसे में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति, भ्रष्टाचार या लापरवाही की जानकारी आम नागरिकों तक नहीं पहुंच पाएगी। आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि अस्पतालों से जुड़ी कोई भी खबर प्रकाशित होने से पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग को उसकी जानकारी देना अनिवार्य होगा। भगवानू नायक का कहना है कि यह आदेश तुगलकी फरमान की तरह है, जो लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को कमजोर करता है। अस्पतालों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मीडिया की पहुंच जरूरी है, इसलिए आदेश को जनहित में तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

## गोगो को लेकर पुलिस हुई सख्त कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- उरला थाने की पुलिस ने एक पान ठेला को किया सील
- शहर के साथ आउटर के पान ठेला में गांजा पीने उपयोग में आने वाले गोगो की धड़ल्ले से हो रही बिक्री

राजधानी के शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री रोकने पुलिस की टीम शराब की अवैध बिक्री करने के साथ ही गांजा तथा प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। दूसरी ओर गांजा पीने में इस्तेमाल गोगो बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। गोगो तथा गांजा बेचते पाए जाने पर खमतराई तथा उरला पुलिस ने दो दिन के भीतर दो पान ठेला को सील करने की कार्रवाई की है।

उरला पुलिस की टीम ने बुधवार को अपने थाना क्षेत्र में संचालित एक दर्जन से ज्यादा संदिग्ध पान ठेला तथा डेली नीड्स की दुकान जहां गोगो की बिक्री की जाती है, वहां जांच करने के लिए पहुंची। जांच के दौरान बिरगांव स्थित राधे कृष्ण डेली नीड्स में भारी मात्रा में गोगो मिलने पर पुलिस ने डेली नीड्स दुकान को सील कर दिया। ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्र के ज्यादातर डेली नीड्स तथा पान ठेला में गोगो की बिक्री की जाती है। गोगो से गांजा पीने वालों में ज्यादातर संपन्न घराने के युवक, युवती के साथ स्कूल, कालेज में पढ़ने वाले छात्र शामिल हैं।

### सरपंच की शिकायत पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# आरंग के समोदा-कुटेला में लाखों कीमत की रेत का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत खदानों में प्रतिबंध लगने के बाद भी नदी के कई घाटों पर रेत का उत्खनन के साथ अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है, इसकी शिकायत मिलने पर अब विभाग कार्रवाई भी कर रहा है। खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को आरंग क्षेत्र के ग्राम समोदा और कुटेला (कुरुद) में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की। इन दोनों गांव में 8 लोगों ने मिलकर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया है। इन सभी के विरुद्ध विभाग ने प्रकरण दर्ज किया है। इधर अवैध रूप से भंडारण की गई रेत को कागजों में जब्ती बनाकर ग्राम पंचायत को सौंप दिया है।

मानसून के आगमन से पूर्व जिले की नदियों के किनारे कई ग्रामों के आसपास रेत माफिया और उनके सहयोगियों द्वारा अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा है। आरंग क्षेत्र के ग्राम समोदा एवं कुटेला (कुरुद) में भी इसी तरह लोगों ने पहाड़ की तरह रेत का अवैध रूप से भंडारण किया हुआ था। गांव की सरपंच कमलेश्वरी धीवर सहित पंचायत के अन्य सदस्यों ने अपने गांव के आउटर में लोगों द्वारा रेत का अवैध भंडारण किए जाने की शिकायत राजस्व और खनिज विभाग में की। इस शिकायत पर दोनों विभाग की संयुक्त टीम ने दोनों गांव में दबिश दी और रेत का अवैध भंडारण करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। जिन लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है, उनमें क्रमशः राजेंद्र चंद्राकर, रवि चंद्राकर, रामेश्वर चंद्राकर, गिरीश साहू, गोवर्धन चंद्राकर, लव चंद्राकर, संजय विश्वास एवं अनिल चंद्राकर शामिल है।

### खनिज विभाग ने दर्ज किए 8 प्रकरण

#### 471 हाईवा रेत डंप 11 लाख का अर्थदंड

खनिज विभाग ने इस प्रकरण में भंडारण की गई कुल 471 हाईवा (4710 क्यूबिक मीटर) रेत को जब्ती बनाया है। इस प्रकरण में जिन आठ लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया हैं, उन पर लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए राशि का अर्थदंड भी लगाया है।



#### कार्रवाई में ये रहे शामिल

टीम में तहसीलदार आरंग सीता शुक्ला, नायब तहसीलदार सिदार, प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज सहित पुलिस कर्मी भी शामिल रहे।

#### लगातार की जा रही कार्रवाई

एनजीटी निर्देश के तहत सभी रेत खदानों पर उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। समोदा-कुटेला में कार्रवाई कर 8 लोगों के विरुद्ध प्रकरण बनाकर उन पर अर्थदंड लगाया है।

**- केके गोलघाटे,** खनिज नियंत्रक

## अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के लिए 6 नामांकन फार्म लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नामांकन फार्म का दूसरा दिन

अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष पद का चुनाव 29 जून को होगा। निर्वाचन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन एक की नामांकन फार्म लिया गया, जबकि बुधवार को दूसरे दिन जवाहर नगर के अग्रसेन भवन में प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक आधा दर्जन नामांकन फार्म लिए गये। चुनावी प्रक्रिया 17 जून से प्रारंभ हो गयी है। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र अग्रवाल और सहायक चुनाव अधिकारी विनय बजाज एवं प्रमोद जैन बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दूसरे दिन अध्यक्ष के लिए 6 फॉर्म लिए गए। नामांकन फार्म लेने वालों में विजय अग्रवाल, जयकिशन जाखोदिया, संजय अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल शामिल हैं। नामांकन फार्म 19 जून तक लिया जा सकता है। इसके साथ ही नामांकन फार्म 19 व 20 जून तक जमा करने की तारीख तय है।

### लखना-नकटी कुम्हारी टैंक स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती

**रायपुर।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत रायपुर जिले में शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में नए शिक्षकों की पदस्थापना की जा रही है। इसके तहत ग्राम लखना, नकटी कुम्हारी टैंक स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती की गई है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि जिले के जिन स्कूलों में एकल शिक्षक के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, वहां अब नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है।

## स्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेस ने मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरण कर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा राहुल गांधी राजनीतिक जीवन हमेशा आम जनता गरीब किसान और युवाओं के हक की लड़ाई से जुड़ रहे हैं। चाहे वह संसद में आवाज उठाना हो या भारत जोड़ो यात्रा के जरिए देश के कोने-कोने में लोगों से जुड़ना। उन्होंने जन सरोकार की राजनीति को प्राथमिकता दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, वंचित वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम किया है, आज करोड़ों भारतवासियों को राहुल गांधी से उम्मीदें है। उक्त अवसर पर रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, नगर उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, बीएमओ बी एस ध्रुव, डॉ पंकज वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, घनश्याम धीरहे, पुनीत निषाद, दिनेश साहू, देवेंद्र ओझा, झड़ीराम कन्नौजे, शेरखान, शिवम मिश्रा, हयात खान, लखेश्वर वर्मा, घनश्याम वर्मा, अंकित जोशी, हरि ईश्वर साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रविवि की वेबसाइट खोलते ही ऑटोनॉमस कॉलेजों के नाम दूसरे महाविद्यालय गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन मंगाए जा रहे हैं आवेदन

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। छात्रों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए जा रहे हैं। मेरिट लिस्ट जारी किए जाने से लेकर प्रवेश संबंधित विस्तृत शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। इन सबके बीच रविवि की एक व्यवस्था ने महाविद्यालयों को परेशान कर दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन एडमिशन के लिए जो लिंक दिया गया है, उसे खोलते ही ऑटोनॉमस महाविद्यालयों के नाम सामने आ रहे हैं।

रविवि से संबद्ध स्वशासी महाविद्यालयों- साइंस कॉलेज, डिग्री गर्ल्स कॉलेज और छत्तीसगढ़ महाविद्यालय का जिक्र करते हुए कहा गया है कि इन संस्थानों में दाखिले के लिए इनके नाम पर क्लिक करें। इसके अलावा जो छात्र दूसरे महाविद्यालयों में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें यूजर-आईडी का निर्माण कर प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चूंकि वेबसाइट खोलते ही ऑटोनॉमस महाविद्यालयों के नाम सामने आ रहे हैं, अतः विद्यार्थी इन पर ही क्लिक कर रहे हैं।

इसे लेकर रविवि से संबद्ध अन्य शासकीय व निजी महाविद्यालयों ने आपत्ति दर्ज कराई है।

*पूरक के लिए आवेदन 7 जुलाई तक : रविवि ने पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की है। पूर्व में बिना विलंब शुल्क 11 जून तक छात्रों से आवेदन मांगे गए थे। अब बगैर विलंब शुल्क छात्र 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ रविवि एक से 7 जुलाई तक आवेदन स्वीकार करेगा। कई विषयों के परीक्षा परिणाम में देरी के कारण तिथि वृद्धि संबंधित यह व्यवस्था की गई है। इसे लेकर विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।*

## कंकाली तालाब से बूढ़ातालाब तक नया बायपास रोड जल्द

- 800 मीटर का फासला कम होगा, नागरिकों को जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आनंद समाज वाचनालय से बूढ़ातालाब श्याम टाकीज बायपास पर निगम का फोकस

ब्राम्हणपारा वार्ड में कंकाली तालाब के पास स्थित आनंद समाज वाचनालय से बूढ़ातालाब श्याम टाकीज बायपास पर नगर निगम जल्द काम शुरू करेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने हाल ही में अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन 4 कमिश्नरी को सर्वे के साथ आवश्यक कार्य कराने निर्देश दिये।

नया बायपास रोड बनने से जहां 800 मीटर का फासला कम होगा, वहीं लोगों को कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। अभी लोगों को 1 किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ता है। बूढ़ापारा से कनेक्टिविटी होने ब्राम्हणपारा, कंकालीपारा, अवधियापारा सहित आसपास के रहवासियों को राहत मिलेगी।

ब्राम्हणपारा वार्ड में आनंद समाज वाचनालय से बूढ़ातालाब श्याम टाकीज तक आने-जाने के लिए नया बायपास पर जल्द काम शुरू होगा। अभी तक बूढ़ातालाब मार्ग आने-जाने के लिए लोगों को भीड़ वाले सदरबाजार से होकर निकलना पड़ता था। इसी तरह दूसरा रास्ता पुरानी बस्ती थाने के सामने से जाता है, जहां पर आमतौर पर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। अब ऐसा नहीं होगा आनंद समाज लाइब्रेरी के बाजू से स्वर्गीय गंगाराम शर्मा सामुदायिक भवन से होते हुए बनने वाले बायपास से आम नागरिक सिर्फ 200 मीटर दूरी तय कर सीधे बूढ़ातालाब मार्ग पहुंच जाएंगे।



### गार्डन के ऊपर 100 मीटर की कंक्रीट रोड बनाने स्ट्रीट पोल को शिफ्ट करना पड़ेगा

निगम अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में इंडोर स्टेडियम और आउटडोर स्टेडियम में व्यवस्था के लिए इस रास्ते को किसी आयोजन के दौरान ही खोला जाता है। बाकी दिनों में यह रास्ता आम आदमी के आने-जाने के लिए बंद रहता है, पर अब इस बायपास मार्ग के बनने से नागरिकों को राहत मिलेगी। बायपास के लिए नाला और गार्डन के उपर 100 मीटर की कंक्रीट रोड बनाने स्ट्रीट पोल को शिफ्ट करना पड़ेगा। इसके साथ ही नाले की चौड़ाई भी बढ़ेगी। श्याम टाकीज के बाजू से गुजर रहे नाले के अलावा आनंद समाज वाचनालय के समीप वाले नाले की चौड़ाई भी बढ़ाने की तैयारी है।

### कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी

# बरमकेला अपेक्स बैंक में 9.91 करोड़ का गबन, अधिकारी सहित सभी कर्मचारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के कई जिलों के विभिन्न अपेक्स बैंक की शाखाओं में पिछले तीन साल में भारी वित्तीय अनियमितता एवं राशि गबन करने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर जिलों के कई शहरों में संचालित अपेक्स बैंक में हुए लेनदेन की गहन जांच कराई जा रही है। इस जांच में बरमकेला शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 9.91 करोड़ रुपए की राशि गबन किए जाने का खुलासा भी हुआ है, जिसके बाद इस मामले में इस शाखा के अधिकारी सहित समस्त कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। साथ ही आउटसोर्सिंग से भर्ती हुए कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर भी कराई गई है। यह जानकारी बुधवार को अपेक्स बैंक की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने दी। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद 16 जून को बैंक मुख्यालय में उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने बैंकिंग गतिविधियों के साथ संदिग्ध लेन-देन तथा वित्तीय अनियमिताओं की जानकारी ली। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बैंक के रायगढ़, जशपुर तथा सारंगढ़ जिलों की शाखाओं में विगत तीन वर्ष में हुई वित्तीय अनियमितता तथा गबन की जांच की जा रही है, जिसके लिए जांच टीम भी बनाई गई है।

### रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर शाखा के एक वर्ष में हुए लेनदेन की जांच पूरी

बैठक में अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी है कि रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ जिले के अन्य शाखाओं में भी संदिग्ध लेन-देन की जांच के लिए 26 नवंबर 2024 को गठित की गई टीम कर रही है। टीम ने रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर शाखा के एक वर्ष में हुए लेनदेन की जांच पूरी कर ली है, जिसकी रिपोर्ट बैठक में पेश की गई। इसके अलावा अंबिकापुर की शाखाओं में हुए गबन की जानकारी दी गई। प्राधिकृत अधिकारी गुप्ता ने इसके लिए अंबिकापुर बैंक के सीईओ को निर्देश दिए कि तत्काल वैधानिक कार्रवाई करें तथा राशि की नियमानुसार वसूली की जाए। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कान्डे, डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, एजीएम एलके चौधरी तथा अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल टुण्ड्रा की कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

मंडल टुण्ड्रा के नए पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्यों की बैठक आज मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू के नेतृत्व में हुई। जिलाध्यक्ष आनंद यादव के अनुशंसा से भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भाजपा मंडल टुण्डरा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारिओं एवं कार्यसमिति सदस्य की सूची जारी हुई, जिसमें अजय कुमार सन्डे, संतराम पटेल, उपाध्यक्ष नामदेव पटेल, साधराम प्रजापति महामंत्री, नरेंद्र साहू प्रचार प्रसार मंत्री, सूरज पटेल, शत्रुघ्न प्रधान मंत्री, नंदू बंजारे, प्रकाश यादव मीडिया प्रभारी, शशांक शर्मा, गंगा प्रधान, विष्णु रजक, सुकदेव पटेल कार्यसमिति सदस्य बनाए गए।

खबर संक्षेप



## आदर्श ग्राम निर्माण के लिए सरपंच ने एसपी से की मुलाकात

**हिरमी-रावन**। हिरमी-रावन आदर्श ग्राम निर्माण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए पंचायत के सरपंच रामायण कुमार ने शुक्रवार को जिला बलौदाबाजार की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता से सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात "समाधान - शिकायत हेल्प डेस्क" कार्यक्रम के तहत हुई, जिसमें आम जनता को पुलिस से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। सरपंच रामायण कुमार ने एसपी को अवगत कराया कि ग्राम क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, जुआ, गांजा जैसे मादक पदार्थों का चलन बढ़ रहा है, जिससे युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है। उन्होंने एसपी से आग्रह किया कि इन सभी गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही होटल और सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों पर भी नियंत्रण आवश्यक है। एसपी भावना गुप्ता ने चर्चा के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी के खिलाफ इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो पुलिस तत्परता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या नशा संबंधित जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## सरकारी और निजी स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव





भटगांव। करियर प्वाइंट नेशनल स्कूल भटगांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें नर्सरी से लेकर के 12 वीं तक के सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं शाला प्रवेश का प्रारंभ किया गया। इस दौरान बच्चों को पेन पेंसिल तथा चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल डायरेक्टर नरेश चौहान, प्राचार्य राजकिशोर जांगड़े ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं नव प्रवासी बच्चे अपने माता-पिता के साथ शामिल हुए।

## वटगन विद्यालय में प्रवेशोत्सव मना



**पलारी**। संकुल केन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बाबूलाल बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत वटगन, पंचराम वर्मा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, जय भारत कन्नौजे अध्यक्ष शाला प्रबंधन व विकास समिति, तृलोचन साहू, कृतराम वर्मा, समिति के सदस्य, शिक्षक, शिक्षिका कार्यालयिन स्टाफ मौजूद रहा।

## शादी में नाचने के दौरान विवाद, मारपीट

**महासमुंद**। जोगनीपाली में शादी के दौरान नाच रहे एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उगेश्वर कश्यप ग्राम जोगनीपानी नेबताया कि 15 जून की रात्रि 10 बजे वह गांव में ही अपने चाचा कृपाराम कश्यप के घर में भाई की शादी में बने मड़वा में नाच रहा था। उसी समय गांव के लोकनाथ निषाद, पुष्पेंद्र बारिक एवं देवराज सिदार आये और हमारे बीच में नाचते हुए धक्का मुक्की करने लगे, तब उसके साथी लोकेश प्रधान धक्का मुक्की क्यों कर रहे हो कहा, इस पर वे तीनों लोकेश के साथ मारपीट करने लगे। जब वह बीच बचाव करने गया तो आरोपियों ने गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया।

# हरदिहा पटेल समाज है मेहनतकश और जागरूक : संदीप साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

## कसडोल में पटेल छात्रावास अहाता निर्माण का हुआ भूमि पूजन

हरदिहा पटेल मरार समाज कसडोल परिक्षेत्र अंतर्गत छात्रावास भवन कसडोल के आहाता निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। जहां अध्यक्षता मरार पटेल समाज छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल ने किया। विशिष्ठ अतिथि कसडोल परिक्षेत्र अध्यक्ष शेषनाथ पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, योगेश बंजारे, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य गायत्री बाई कैवत्र्य, मिथलेश पटेल सरपंच खर्री, डॉ. राधेश्याम पटेल, रामाधार पटेल, खिलावन डहरिया, पार्षद पुणेश्वर मिश्रा, खीखराम वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टुण्डरा गीताराम पटेल, जागवत साहू, शुकंतला दीपक पटेल सभापति नपं. कसडोल आदि उपस्थित थे। श्री पटेल ने कसडोल छात्रावास निर्माण में सहयोग देने वाले समाज के लोगों के योगदान को भी उल्लेखित किया। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र पटेल एवं आभार प्रदर्शन डा. राधेश्याम पटेल ने किया। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण पटेल, सुखराम पटेल, भेलाराम पटेल, रामप्रसाद पटेल, रामलाल पटेल, हरीराम पटेल, भागवत पटेल, रामरतन पटेल, दुकालू राम पटेल, मोहन पटेल, कमलकिशोर पटेल, जवाहर पटेल, ईश्वर पटेल, हरी पटेल, प्रेमलाल पटेल, अरूण पटेल, छतराम पटेल, रामरतन पटेल, रामचरण पटेल, कृष्णशंकर पटेल, रामायण पटेल, सहसराम पटेल, ढेलाराम पटेल, रामप्रसाद पटेल, पुनीराम पटेल, जागेश्वर पटेल, बुधराम पटेल, गणेशराम पटेल, रमा पटेल, क्रांतिलाल पटेल सहित शाकम्भरी विद्यालय के संचालक कमलनारायण पटेल, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।



### समाजिक गतिविधियों की जानकारी दी

मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश एवं जागरूक समाज है। समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान करने के अलावा उन्हें उच्च शिक्षा की ओर ले जाने हेतु जगह जगह छात्रावास भवन का भी निर्माण कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी दिशा में आज कसडोल मुख्यालय में भव्य छात्रावास का भी निर्माण हुआ है। जहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज आहाता निर्माण हेतु भूमि पूजन करने का मुझे अवसर भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण में जो भी और आवश्यकता होगी इसे मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा। अध्यक्षता करते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल ने समाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा समाज को शिक्षा के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों एवं समाजिक एकता को मजबूत बनाये रखने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होने विधायक संदीप साहू के प्रति पटेल समाज को आगे बढाने एवं छात्रावास भवन निर्माण में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

### पीड़ित परिवार से की मुलाकात और न्याय का दिलाने का दिया आश्वासन

# न्यायिक अभिरक्षा में युवक की मौत कांग्रेस की जांच समिति पहुंची खैरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



ग्राम खैरी निवासी उमेंद्र बघेल की न्यायिक अभिरक्षा में मौत हो गई है। जिसकी जांच के लिए कांग्रेस की टीम खैरी पहुंची और परिजनों से मुलाकात की। जांच दल को पीड़ित परिजन ने बताया कि पलारी पुलिस ने उमेंद्र बघेल को अवैध महुआ शराब निर्माण के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को पुलिस द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।

गांव के लोगों ने आरोप लगाया है कि पलारी थाना द्वारा हमेशा खैरी पंचायत को ही निशाना बनाया जाता है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मृतक की पत्नी ने भावुक होकर बताया, मेरे पति निर्दोष थे। पुलिस ने उन्हें झूठे केस में फंसाया। उन्हें इतना मारा-पीटा गया कि उनकी जान चली गई। हमें किसी भी तरह की सूचना नहीं दी गई, ना ही अंतिम दर्शन करने दिया गया। अब हमें सिर्फ न्याय चाहिए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की है। समिति में पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश के संयोजकत्व में कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, वरिष्ठ नेता सुनील महेश्वरी सहित अन्य सदस्य शामिल थे। जांच समिति ने खैरी पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना की पूरी जानकारी ली।

शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़ ने कहा मृतक के शरीर में कई जगह चोट के गंभीर निशान हैं। यह दर्शाता है कि पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार किया गया। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

संदीप साहू विधायक कसडोल ने कहा यह सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं बल्कि सिस्टम की नाकामी है। लगातार खैरी पंचायत को टारगेट करना बताता है कि पुलिस किस तरह से अपनी जवाबदेही से बच रही है। हम इस मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे और न्याय दिलवाकर रहेंगे।

सुमित्रा घृतलहरे जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यह बेहद निंदनीय घटना है। एक निर्दोष व्यक्ति को पुलिसिया आतंक के कारण जान गंवानी पड़ी। यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। हम उच्च अधिकारियों से बात करेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

# प्रादेशिक महिला संगठन की पंचम कार्यसमिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ प्रादेशिक महिला संगठन की पंचम कार्यसमिति की बैठक बिलासपुर जिले के अंतर्गत भाटापारा में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की राष्ट्रीय मंत्री ज्योति राठी एवं प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक में महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। छोटे-छोटे प्रकल्पों के माध्यम से महिलाओं को उद्यमी बनाने एवं आत्मनिर्भर करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर शहर संगठन को ऑपरेशन सिंदूर विषय पर लघु नाट्य प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा गया, जिसे पूजा टावरी और नीता माहेश्वरी के मार्गदर्शन में प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।

इस प्रस्तुति में विनीता, मीना एवं सरिता ने आतंकवादियों की भूमिका निभाई। राष्ट्रीय मंत्री ज्योति राठी ने स्थानीय अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी की अभिनय प्रतिभा की सराहना की। क्विज प्रतियोगिता में नीता सरिता को पुरस्कार मिला, जबकि लकी ड्रा में पहला इनाम ज्योति माहेश्वरी को प्राप्त हुआ। बैठक मनोरंजन एवं सामाजिक चेतना का समन्वय बनाते हुए स्नेहभोज के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विनीता, अंजना, नीलम, नीता, सरिता, सरोज, शीला, मीना, सुजिता, मंजू, विमला ज्योति एवं अन्य सखियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

# बालसमुंद मार्ग बन रहा नशेड़ियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर में इन दिनों बालसमुंद मार्ग शराब खोरी के लिए दिन ब दिन-दिन प्रचलित होते जा रहा है। इस मार्ग पर सुबह से ही पियक्कड़ विशाल बालसमुंद तालाब के पार जाम छलकाते नजर आ जाएंगे। वे थोड़ी थोड़ी दूर में समूह बनाकर खुलेआम नशा करते दिख जाएंगे। नगर के लोगों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। गौरतलब हो कि बालसमुंद तट पर ऐतिहासिक धरोहर के रूप मे भगवान सिद्धेश्वर का मंदिर है। वहीं परिसर पर विभिन्न समाज के अनेक मंदिर स्थापित है, जहां पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। इसके अलावा बालसमुंद तालाब के बीचों बीच शारदा मंदिर भी है जो नगर में डीप गार्डन के रूप में प्रचलित है, जहां लोग सुबह हो शाम सैकड़ों की तादाद में खुबसूरत वातावरण में सैर सपाटा करते हैं। वही जनपद पंचायत कार्यालय है, जहां हर दिन 102 पंचायत के सरपंच सचिव काम के सिलसिले में जनपद कार्यालय आते हैं, जिसमे ज्यादातर जनप्रतिनिधी महिलाएं होती है इसके अतिरिक्त धमनी जंगल, बारनवापारा और तुरतुरिया जैसे दर्शनीय स्थलों पर जाने के लिए सबसे व्यस्तम मार्ग है। लेकिन विडंबना यह भी है कि इस मार्ग से थोड़ी दूर पर शराब दुकान भी संचालित है, जिस कारण शराब प्रेमी कही भी और कभी मदीरापान करने बैठ जाते हैं तथा नशा चढ़ते ही शराबी उन्मादी हो जाते हैं। आपस में ही अश्लील गाली गलौच करने लगते हैं, इससे इस राह पर आने जाने वाले लोग भयभीत रहते हैं, इससे महिलाओं को असहज होना पड़ता है।

- अश्लील गाली गलौच इस मार्ग पर आम बात

## प्राथमिक शाला में स्मार्ट क्लास के लिए व्यवसायी ने प्रदान किया टीवी



**खरोरा**। नगर के व्यवसायी कमल इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक एवं जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा रायपुर आयुष वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरा में स्मार्ट क्लास एवं बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए टीवी प्रदान की गई है, जिससे शिक्षा को आकर्षक और मनोरंजक बनाया जा सके। आयुष वर्मा की इस पहल की लोगों ने सराहना की है। उनका मानना है शिक्षा समाज का दर्पण होता है और बच्चे देश का भविष्य, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए। उनके इस सहयोग के लिए प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार देवांगन, शिक्षक राकेश कुमार शर्मा, गिरिजेश कुमार साहू एवं संकुल समन्वयक रामाधार साहू ने आभार जताया। ग्राम सुंदरा के सरपंच बालक दास मानिकपुरी, छगन यादव उपाध्यक्ष भाजपा मंडल खरोरा, शाला विकास समिति अध्यक्ष कलावती गायकवाड़, विधायक प्रतिनिधि परसराम धिवर, भरत लाल साहू, पंचराम कंवर, टीकाराम लहरी, फिरंता जांगड़े एवं ग्रामवासियों ने उनके सहयोग के लिए आभार जताया।

# नवापारा हथबंद मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का गमझा से सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंध

आज ग्राम पंचायत नेवधा में मंडल के सभी भाजपा सदस्य नव नियुक्त मंडल पदाधिकारी एवं महिला शक्तियों को गमझा भेंट कर सम्मान किया गया।

अतिथियों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय दिया और कहा कि पार्टी के दिशा निर्देश पर काम किया जायेगा और शासन की योजनाओं को डोर टू डोर बताया जाएगा। मंडल के पदाधिकारी पार्टी के दिशा निर्देश पर काम करेंगे। संगठन विस्तार के लिए गांव गांव जा कर शासन की योजनाओं को बताया जाएगा एवं उनकी समस्याओं को दूर करने करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चवरे, धनेश्वर निषाद, जीवनलाल साहू, धनेश्वरी वर्मा, महामंत्री ईश्वरी मारखडे, प्रेमलता वर्मा, मंत्री कविता वर्मा, लीली वर्मा, खेमराज वर्मा, कोषाध्यक्ष झालाराम वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, सोशल मीडिया प्रभारी धनी राम रजक, कार्यालय प्रभारी महिलांगे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश वर्मा, बिसमभर निर्मलकर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# भाजपा मंडल लवन की नई कार्यकारिणी घोषित

**लवन**। भाजपा मंडल लवन की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें मंडल अध्यक्ष पद पर अनुपम बाजपेयी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं गोविंद घुतलहरे को कोलिहा से जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त कार्यकारिणी में हेमंत साहू कोयदा, फुलसाय साहू करदा, तृप्ति विश्वास लवन एवं तोष कुमार यादव अहिल्दा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। नरेश साहू करदा और चंद्रभूषण वर्मा मुंडा को महामंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई है, जबकि धनैष टंडन लवन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्रियों की सूची में रमन साहू सरखोर, रानी यादव अमलीडीह, शांति देवी कोसले सरखोर और उषा साहू तुरमा शामिल हैं। दिलीप बंन्दे को कार्यालय मंत्री खम्हरिया, पंकज अग्रवाल को मीडिया प्रभारी लवन, योगेश सिंघम को सोशल मीडिया प्रभारी लवन और मनेंद्र जयसवाल को प्रचार प्रसार प्रमुख लवन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में अन्य सदस्य शामिल हैं।

### छात्रों को नियमित स्कूल आने और जिम्मेदारी से पढ़ाई करने दिया जोर

# शिक्षा में गुणवत्ता के लिए हुई शाला विकास समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन




ग्राम मोहरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को शाला विकास समिति की बैठक हुई।

अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मंतराम बंजारे ने की। इस दौरान शिक्षकों, अभिभावक प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। समिति सदस्य सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित स्कूल भेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षण व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब छात्र नियमित रूप से विद्यालय आएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार छात्रों से किसी प्रकार का डोनेशन नहीं लिया जाएगा। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल प्रवेश कराये। प्रधानपाठक ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर की जा रही है और कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पेयजल समस्या, शौचालय की मरम्मत एवं पुस्तक वितरण से संबंधित कुछ आवश्यकताओं से भी समिति को अवगत कराया। इस पर समिति ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभिभावकों को जागरूक करने के लिए गांव में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे छात्रों की उपस्थिति में सुधार हो सके। साथ ही आगामी माह में पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर इच्छाराम पाटिल, बोधराम वर्मा, चंदन लाल डहरिया, चंद्रिका, लक्ष्मी, कार्तिक राम वर्मा, हरिश्चंद्र कश्यप, डिगेश्वर यदु, दुष्यंत जोशी, राजेश वर्मा, प्राणनाथ वर्मा, गीता वर्मा, सुखनन्दन चेलक, शिव कटरिया, चोवा राम गुरुजी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### सड़क दुर्घटना में ...

जिम्मेदार डॉक्टर स्टाफ पर मामला दर्ज कर उसे सस्पेंड किया जाए। पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा उचित मुआवजा शीघ्र दिया जाए। घटना स्थल की जांच की जाए। हमारा संगठन मामले की निष्पक्ष जांच एवं न्यायिक कार्रवाई की मांग करता है। 7 दिनों के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर इस मामले को मानवाधिकार आयोग एवं उच्च न्यायालय ले जाने के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी है।

### पुलिस ने दिखाई ...

है। हम लोगों से अपील करेंगे कि यातायात नियमों का पालन करें। आवश्यक कागजात रखे, वाहनों की नियमित चेकअप करवाये व हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाये। यदि नियमों का पालन करते हैं तो पुलिस हमेशा आपकी सहायता के लिए तत्पर है।

### 98 पौवा शराब ...

में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 19 वर्षीय सूर्या देवार को गिरफ्तार किया। आरोपी शराब कोचिया से 9800 कीमत की 98 पौव देशी मसाला शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार जेल भेजा है।

### जिले में धरती ...

किया गया। अभियान के तहत जिले के विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 जनजातीय बाहुल्य गांव शामिल हैं।

30 जून तक चलने वाले विशेष शिविर में जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज,वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एवं बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्वला, कौशल प्रशिक्षण इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी।

# सामाजिक एकता और विकास पर बल देगा रजककार बोर्ड : प्रहलाद रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

समाजिक संगठन एवं धोबी समाज की एकता की मजबूती और समाज की विकास को लेकर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। अध्यक्षता रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने की।

छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड कार्यालय में आयोजित आवश्यक बैठक में एक समाज एक संगठन विषय पर बल दिया गया एवं आने वाले समय में रजक बोर्ड के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ कैसे दिलाया जाए इस विषय पर भी बल दिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत धोबी समाज के समस्त फिरको को एक मंच में लाकर समाज में एकजुटता लाने का प्रयास किया जाएगा।

समाज की एकता और विकास के लिए बोर्ड के माध्यम से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को दुखवाराम निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रायपुर राजप्रधान डॉ. गोवर्धन कन्नौजे, भिलाई से प्रेम निर्मलकर, कमलेश रजक, सुनील चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बोर्ड के अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई सामाजिक बैठक



### 33 जिले के जिलाध्यक्षों की बैठक ली जाएग

आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में समाज के जितने भी अधिकारी कर्मचारी है उनकी बैठक लेकर समाज हित पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही 33 जिले के जिलाध्यक्षों की बैठक ली जाएगी। रजककार विकास बोर्ड के पूर्व एवं प्रथम अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रत्येक परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाई तक समाजिक जनसंख्या का गणना कर शासन को अवगत कराया जाए एवं समाज की नेतृत्व क्षमता को शासन के माध्यम से उभारा जाए। पूर्व सदस्य भुवनेश्वर निर्मलकर ने कहा कि पिछले कार्यकाल में समाज को संगठित करने का कार्य जो अधूरा था अब निश्चित ही प्रहलाद रजक के नेतृत्व में पूरा होगा।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा में अक्षित का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भाटापारा** | नीट परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम में नगर के साईं अक्षित तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। वे सेवानिवृत शिक्षिका अनीता तिवारी के भतीजे तथा वर्तमान में शिक्षिका नीलम तिवारी एवं पालिका अधिकारी राधाचरण तिवारी के पुत्र हैं। साईं अक्षित तिवारी की सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी, जिसमें नरेश चंद्र शुक्ल, दीपक शुक्ल व अन्य शुभ चिंतक शामिल हैं।

### एक्सीडेंट में एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली मंदिर के पास एक्सीडेंट में बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक घायल है। पुलिस को अंजलि ध्रुव निवासी ग्राम सैयाभाठा चौकी बयां थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 17 जून को उसके पिताजी चैतराम ध्रुव ग्राम अमलीडीह से दोपहर करीबन 3 बजे अपने साथी लक्ष्मीनारायण साहू के साथ अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीएस 4156 से कुंभकाल मंदिर डोंगरीपाली दर्शन करने के लिये जा रहे थे। शाम करीबन 4.30 बजे वे ग्राम डोंगरीपाली मंदिर के पास पहुंचे थे तभी विपरीत दिशा से सामने की ओर आ रहे मोटर सायकल सीजी 06एचबी3745 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पिताजी के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### लभराकला स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों के विद्यालय में पाठ्यक्रम प्रारंभ होने पर एक अनोखी खुशियां झलक रही थी। में आज उपसरपंच ओमप्रकाश चंद्राकर एवं जनप्रतिनिधियों ने ने छात्रों को गणवेश व पुस्तक वितरण किया।

### मेशन मजदूर संघ का मिलन समारोह आज

**महासमुंद।** मेशन मजदूर संघ द्वारा 20 जून शुक्रवार को स्वाध्याय केंद्र में मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें पेटी ठेकेदार, बिजली मिस्त्री संघ, सिविल इंजीनियर, प्लंबर संघ, टाइल्स मिस्त्री संघ, पेंटर संघ, बढ़ई संघ आदि शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी संघ के अध्यक्ष राधेश्याम धीवर ने दी है।

### नीट परीक्षा में यकृति ने ऑल इंडिया लेवल में हासिल किया 50वां रैंक

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी यकृति यादव ने नीट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित करते हुए उन्होंने 720 में से 675 अंक प्राप्त किया। यादव को आल इंडिया रैंक में 50वां स्थान मिला है। यकृति के पिता पवन यादव पेशे से डॉक्टर हैं और मां नूतन यादव गृहिणी। उन्होंने बताया कि सफलता का मूलमंत्र अनुशासित दिनचर्या और मॉक टेस्ट का नियमित अभ्यास है। उन्होनें नीट के तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाई। उन्होंने पुराने प्रश्नपत्रों का अभ्यास किया। और रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते हुए इस लक्ष्य को हासिल किया है।

## विकास : उप मुख्यमंत्री साव और मंत्री टंकराम ने किया भूमिपूजन

# 61 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के समीप ग्राम कठिया में 62 करोड़ लागत से बनने वाली मुहरेंगा-कठिया मार्ग व नवागांव से बेल्दार, सिवनी, सोनभटा मार्ग का भूमिपूजन उपमुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा व विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल उपस्थित थे।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा सड़क बनने से जहां खरोरा कठिया होते बलौदाबाजार दूरी कम हो जाएगी, वहीं मंत्री टंकराम ने विधायक अनुज शर्मा की मांग पर रामलीला व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चबूतरा निर्माण करने की घोषणा की। विधायक अनुज शर्मा, द्वारा उपमुख्यमंत्री साव को संवेदनशील मुखिया बताते पूरे धरसींवा सभा में विकास कार्य के लिए आज तक 1600 करोड़ का विकास कार्य कराने की बात कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य स्वाती वर्मा, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत, तिल्दा, रायपुर दुलारी सुरेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, तिल्दा, रायपुर लेखराम सेन सदस्य, जनपद पंचायत, तिल्दा, रायपुर गंगा मुकेश वर्मा सदस्य, जनपद पंचायत, तिल्दा, रायपुर सोना वर्मा अध्यक्ष, भाजपा मंडल, खरोरा, भुनेश्वरी दाऊलाल पाल सरपंच ग्राम कठिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब टिकहरिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदराम मनहरे, राजीव अग्रवाल, नरेंद्र ठाकुर, विकास ठाकुर सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### विश्राम गृह निर्माण कार्य के लिए 50 लाख देने की घोषणा की

खरोरा के समीप ग्राम कठिया से हिरमी मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे व सड़क के खस्ताहाल को लेकर ग्रामीण व राहगीर काफी परेशान चल रहे थे, आये दिन हादसों से परेशान ग्रामीण पिछले कई साल से लगातार आंदोलन कर सरकार तक बात पहुंचा रहे थे। इस बीच आखिरकार ग्रामीणों की मेहनत रंग लायी तथा बलौदाबाजार विधायक मंत्री टंकराम वर्मा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के प्रयास से उक्त मार्गों का निर्माण होगा। इस अवसर पर अरूण साव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जमकर तारीफ करते प्रदेश में तेजी हो रहे विकास कार्य व सुशासन की जमकर प्रसंशा की। खरोरा में विश्राम गृह निर्माण कार्य के लिए 50 लाख देने की घोषणा की।

# साहित्यकार का भोपाल में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

गत दिनों नव उदय प्रकाशन ग्वालियर मध्यप्रदेश के तत्वावधान में भोपाल में कवि माखन लाल चतुर्वेदी नव उदय साहित्यकार गायन सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया।

इसमें विश्वभर के चयनित 250 प्रतिभाओं को जिसमें साहित्य गायन, नृत्यकला को सम्मान अलंकरण प्रदान किया गया। उक्त समारोह में प्रतिभागी के रूप में सिमगा के पोस्ट मास्टर कामता प्रसाद यादव एवं मदन लाल कुलदीप भाटापारा शामिल हुए। जहां उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का संगीतमय प्रस्तुति किया गया, जिसे सुन कर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गये। तत्पश्चात दोनों ही प्रतिभागियों का सम्मान किया गया।

# नशामुक्त पंचायत के लिए सरपंच गायत्री सम्मानित

**कसडोल।** जिले के पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बुधवार को विकासखंड के ग्राम पंचायत हटौद के सरपंच गायत्री देवी जाटवर को नशामुक्ति आदर्श ग्राम बनाने पर सम्मान किया है। विदित हो कि ग्राम पंचायत हटौद में नए सरपंच बनने के बाद जाटवर ने पूरे गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगा दी थी। साथ ही ग्राम में नशामुक्त के अलावा स्वच्छता अभियान चलाया गया था। इस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सरपंच गायत्री देवी जाटवार को सम्मानित किया है। साथ ही आगामी समय में पूरे गांव को नशामुक्त रखने प्रोत्साहित भी किया।



मीडिया से चर्चा में सरपंच जाटवर ने कहा कि चुनाव के दौरान हमारा मुख्य उद्देश्य गांव को नशामुक्ति करना था, जिसका मेरे समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा साथ देकर हमारे गांव को नशामुक्त बनाया है। इसके लिए मुझे सम्मान मिला है। इसके लिए मैं पूरे गांव की जनता जनार्दन को धन्यवाद करती हूं।

## रेत भंडारण पर कार्रवाई जारी, 6 की अनुज्ञा रद्द

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम बिरकोनी के 5 और ग्राम बड़गांव के एक रेत भंडारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम का उल्लंघन पाये जाने पर ग्राम बिरकोनी में सौरभ चंद्राकर के नाम पर रेत भंडारण हेतु स्वीकृत क्षमता 10000 टन के अनुज्ञा को निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह दामोदर चंद्राकर को क्षमता 10000 टन, प्रकाश चंद्राकर को क्षमता 10000 टन, ग्राम बरबसपुर में भुनेश्वरी निषाद को क्षमता 10000 टन, अमित चंद्राकर को क्षमता 4000 टन एवं ग्राम बड़गांव में विनोद अग्रवाल के पक्ष में क्षमता 10000 टन के लिए स्वीकृत खनिज साधारण रेत के कुल 06 अस्थाई भंडारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व हुआ योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

इस वर्ष योग दिवस की थीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन अर्थ वन हेल्थ रखी है। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी चेम्बर आफ कामर्स से संजय अग्रवाल, नितेश वर्मा सहित संस्था के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समाजसेवी भ्राता ईश्वरी देवांगन ने योगाभ्यास करवाया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार आदि शारीरिक अभ्यास के साथ अनुलोम विलोम प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम का भी अभ्यास करवाया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को योग का महत्व बताते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास जरूरी है। ब्रह्माकुमारी संस्था खरोरा की मुख्य प्रशासिका ब्र कु. उमा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि आज हर व्यक्ति मानसिक तनाव से मुक्ति चाहता है। इसके लिए राजयोग का अभ्यास अच्छा विकल्प है। इसलिए संस्था में आकर इसे सीखना चाहिए। यह पूरी तरह से निः शुल्क है। सभी अतिथियों ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# कर्मचारी और पेंशनर्स संघ ने 13 सूत्रीय मांगों लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ और पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा द्वारा संगठन के प्रांतीय कार्यालय रायपुर में प्रबंध कारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण करने मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों के समान 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग की गई। वर्तमान व्यवस्था जटिल एवं सामान्य लोगों के लिए होने के कारण समय पर परीक्षा आयोजित नहीं हो पा रही है एवं संघों को अविभाजित म.प्र. की भांति स्थायी मान्यता जारी की जाये सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही जल संसाधन विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आईटीआई के कर्मचारियों द्वारा भी अपनी मांगों के संदर्भ में पृथक से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिव, सोनी, खुशबू शर्मा, नम्रता वर्मा, भारतीय तिवारी, दम्यंती यादव, शीतल शर्मा, अजय निषाद, संजय निर्मलकर, सुनीता वर्मा, मधु वर्मा, सहोद्रा ध्रुव, प्रेमप्रकाश केशवरवानी, दुर्गेश यादव, चैतु साहू, कोमलदास पडवार, पंकज वैष्णव, गीता साहू, राजेश नेताम, पुष्पा वर्मा, खिलावन विश्वकर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण पर निष्पक्ष जांच हो

शिक्षकों के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, केंद्रीय कर्मचारियों एवं म.प्र.के भांति यहां भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाये। शिक्षक लिपिक सहित विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति दूर करने गठित समिति का प्रतिवेदन शीघ्र सार्वजनिक किया जाए। शासकीय सेवा में नियुक्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति दिनांक से एक वर्ष के भीतर मृत्यु होने पर भी अनुग्रह अनुदान राशि के भुगतान आदेश जारी की जाये। शासन द्वारा श्रम सम्माननिधि का भुगतान आदेश पुनः सभी विभागों में निर्देशित किया जाये।

# सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी से आक्रोश प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आम नागरिकों की सतर्कता और नियमों के पालन के बावजूद सड़कें जानलेवा बनती जा रही हैं। हाल ही में घटी घटनाएं इस समस्या की गंभीरता को उजागर करती हैं।

बीते 15 जून को एक महिला अपने पति और बच्चे के साथ स्कूटी से एडीओ की परीक्षा दिलाने जा रही थीं। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला के पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला को गंभीर चोटें आईं और बच्चे को भी चोट पहुंची। यह घटना स्थानीय लोगों में रोष और भय दोनों बना है। कुछ दिन पहले टाटा-बिलासपुर मार्ग पर भी ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि या तो लोग लापरवाही से वाहन चला रहे हैं या फिर नशे की हालत में गाड़ी चलाना आम होता जा रहा है। ओवरटेक के दौरान सावधानी न बरतना, अंधे मोड़ों पर हॉर्न न बजाना और कम उम्र के चालक द्वारा तेज रफ्तार में वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहा है।




नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी सख्ती से सड़क सुरक्षा नियमों को लागू करें और ऐसे वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई की जाए जो नियमों की अनदेखी कर आम जनता की जान जोखिम में डालते हैं। साथ ही, सड़क पर खतरनाक मोड़ों पर संकेतक, स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।





